**प्रेस नोट दिनांक 21.07.2026**

**थाना शेरगढ़ जनपद बरेली**

**थाना शेरगढ़ #bareillypolice द्वारा दिनांक 16.07.2026 को ग्राम खजुआ जागीर में सम्पत्ति विवाद में अपने सगे भाई की हत्या करने वाले थाना शेरगढ़ के हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ में किया गया गिरफ्तार।**

**घटना का संक्षिप्त विवरणः-**

दिनांक 16.07.2026 को समय रात्रि करीब 22.30 बजे ग्राम खजुआ जागीर थाना शेरगढ़ जनपद बरेली में सम्पत्ति बंटवारे के विवाद में तौफीक खां उर्फ गुड्डु पुत्र लतीफ खां निवासी ग्राम खजुआ जागीर थाना शेरगढ़ जनपद बरेली हाल निवासी मौहल्ला मोहम्मदपुर कस्बा व थाना बहेड़ी जनपद बरेली द्वारा ग्राम खजुआ जागीर में अपने सगे छोटे भाई इसरार खां उम्र करीब 35 वर्ष के सीने में तमंचे से गोली मारकर हत्या कर दी और तौफीक खां उर्फ गुड्डु उपरोक्त मौके से अपनी मोटरसाइकिल से फरार हो गया था, जिसके सम्बन्ध में थाना शेरगढ़ जनपद बरेली पर मृतक की पत्नी फैजी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के आधार पर मु0अ0सं0 162/2026 धारा 103(1)/3(5) बीएनएस बनाम तौफीक खां उर्फ गुड्डु पुत्र लतीफ खां निवासी ग्राम खजुआ जागीर थाना शेरगढ़ जनपद बरेली हाल निवासी मौहल्ला मोहम्मदपुर कस्बा व थाना शेरगढ़ जनपद बरेली आदि 03 अभियुक्तों के विरूद्ध पंजीकृत किया गया।

**सूचना, पुलिस टीम एवं कार्यवाहीः-**

दिनांक 16.07.2026 को थाना शेरगढ़, जनपद बरेली पर पंजीकृत मु0अ0सं0 162/2026, धारा 103(1)/3(5) बीएनएस में वांछित अभियुक्त तौफीक खां उर्फ गुड्डु पुत्र लतीफ खां, निवासी ग्राम खजुआ जागीर, थाना शेरगढ़, जनपद बरेली, हाल निवासी मोहल्ला मोहम्मदपुर, कस्बा एवं थाना शेरगढ़, जनपद बरेली की गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार, व0उ0नि0 आदित्य गौरव, उ0नि0 नरेन्द्र शर्मा, उ0नि0 हिमांशु कैन तथा पुलिस टीम द्वारा तलाश की जा रही थी। इसी दौरान सूचना प्राप्त हुई कि अभियुक्त ग्राम मदनापुर से कस्बापुर की ओर मोटरसाइकिल से आ रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने शीशगढ़ मार्ग पर कस्बापुर पुल के निकट घेराबंदी की। अभियुक्त जैसे ही पुल पर पहुंचा और पुलिस टीम को देखा, उसने मोटरसाइकिल मोड़कर भागने का प्रयास किया, किन्तु उसकी मोटरसाइकिल फिसल गई। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त को आत्मसमर्पण करने हेतु चेतावनी दी गई, किन्तु उसने गिरफ्तारी से बचने एवं पुलिस टीम को जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया, जिससे थाना शेरगढ़ के का0 3294 अंकुर भाटी घायल हो गए। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी फायरिंग में एक गोली अभियुक्त के दाहिने पैर में घुटने के नीचे लगी, जिससे वह घायल हो गया। घायल अभियुक्त को समय लगभग प्रातः 05:15 बजे पुलिस अभिरक्षा में लेकर उसके कब्जे से हत्या में प्रयुक्त एक अवैध तमंचा .12 बोर, 02 जीवित कारतूस, 02 खोखा कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई। घायल अभियुक्त एवं घायल आरक्षी को उपचार हेतु सीएचसी शेरगढ़ भेजा गया, जहां से दोनों को बेहतर उपचार के लिए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। अभियुक्त द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर करने एवं अवैध असलहा बरामद होने के आधार पर थाना शेरगढ़ पर मु0अ0सं0 164/2026, धारा 109(1) बीएनएस एवं 3/25/27 आयुध अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। आवश्यक विधिक कार्यवाही के उपरांत अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। अभियुक्त थाना शेरगढ़ का हिस्ट्रीशीटर है, जिसके विरुद्ध पूर्व से 33 आपराधिक अभियोग पंजीकृत हैं।

**पूछताछ विवरणः-**

पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वह कई वर्षों से कस्बा बहेड़ी के मोहल्ला मोहम्मदपुर में अपने परिवार के साथ रह रहा है। उसके पिता लतीफ खां उर्फ लल्ला खां तथा उसके दोनों छोटे भाई इसरार खां एवं इकरार खां ग्राम खजुआ जागीर में रहते हैं। कुछ वर्ष पूर्व उसके पिता ने अपनी एक भूमि बेची थी, जिससे प्राप्त धनराशि उन्होंने उसके दोनों छोटे भाइयों को दे दी, जबकि उसे कोई हिस्सा नहीं दिया। इसी बात को लेकर उसका अपने पिता एवं दोनों भाइयों से कई बार विवाद हुआ, किन्तु उसे कोई हिस्सा नहीं मिला। दिनांक 16.07.2026 को उसकी अपने छोटे भाई इकरार खां से मोबाइल फोन पर कहासुनी हो गई। इसके बाद वह

अपनी मोटरसाइकिल से अवैध तमंचा लेकर ग्राम खजुआ जागीर स्थित इकरार के घर पहुंच गया। वहां दोनों के बीच पुनः विवाद एवं हाथापाई होने लगी। इसी दौरान उसका भाई इसरार खां बीच-बचाव कराने आया, लेकिन अभियुक्त को लगा कि वह इकरार का पक्ष ले रहा है। इस पर उसने आवेश में आकर तमंचे से फायर कर दिया, जो इसरार खां के सीने में लगा। गोली लगते ही वह जमीन पर गिर गया। घटना के बाद अभियुक्त अपनी मोटरसाइकिल से मौके से भाग गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-**

1. तौफीक खां उर्फ गुड्डु पुत्र लतीफ खां निवासी ग्राम खजुआ जागीर थाना शेरगढ़ जनपद बरेली हाल निवासी मौहल्ला मोहम्मदपुर कस्बा व थाना शेरगढ़ जनपद बरेली उम्र करीब 48 वर्ष

**घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत अभियोग का विवरणः-**

1. मु0अ0सं0 162/2026 धारा 103(1)/3(5) बीएनएस थाना शेरगढ़ जनपद बरेली
2. मु0अ0सं0 164/2026 धारा 109(1) बीएनएस व 3/25/27 आयुद्ध अधि0 थाना शेरगढ़ जनपद बरेली

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त तौफीक खां उर्फ गुड्डु –**

| क्र0सं0 | जनपद | थाना | अ0सं0 | धारा |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बरेली | भोजीपुरा | 423/04 | 393 ipc |
| 2 | बरेली | भोजीपुरा | 461/04 | 147/148/149/307 भादवि |
| 3 | बरेली | भोजीपुरा | 462/04 | 25 ए एक्ट |
| 4 | बरेली | शेरगढ | 184/04 | 3/25 आयुद्ध अधि0 |
| 5 | बरेली | शेरगढ | 287/07 | 363/366/376 भादवि |
| 6 | बरेली | देवरनिया | 290/08 | 307 आईपीसी व 2/3 गैंग0 एक्ट |
| 7 | बरेली | देवरनिया | 291/08 | 25 आर्म्स एक्ट |
| 8 | बरेली | देवरनिया | 292/08 | 8/15 एनडीपीएस एक्ट |
| 9 | बरेली | भोजीपुरा | 165/09 | 324/504 भादवि |
| 10 | बरेली | शेरगढ | 485/10 | 4/25 आयुद्ध अधि0 |
| 11 | बरेली | शेरगढ | 484/10 | 60 EX ACT |
| 12 | बरेली | शेरगढ | 48/11 | 392/366/323/504/506 |
| 13 | बरेली | देवरनिया | 0029/12 | 380,411,457 भादवि |
| 14 | बरेली | भोजीपुरा | 38/12 | 392 भादवि |
| 15 | बरेली | भोजीपुरा | 361/14 | 380,411 भादवि |
| 16 | बरेली | भोजीपुरा | 375/14 | 380 भादवि |
| 17 | बरेली | शेरगढ | 182/14 | 380,457 भादवि |
| 18 | बरेली | शेरगढ | 209/14 | 380,457 भादवि |
| 19 | बरेली | शेरगढ | 71/16 | 3/25 आयुध अधि0 |
| 20 | बरेली | शेरगढ | 215/17 | 2/3 गैंगस्टर एक्ट |
| 21 | बरेली | बहेडी | 22/17 | 380,411 भादवि |
| 22 | बरेली | बहेडी | 52/17 | 380,411 भादवि |
| 23 | बरेली | बहेडी | 192/17 | 3/25 आयुध अधि0 |
| 24 | बरेली | बहेडी | 244/19 | 3/25 आयुध अधि0 |
| 25 | बरेली | बहेडी | 782/19 | 2/3 गैंगस्टर एक्ट |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 26 | बरेली | शेरगढ | 122/19 | 377,511 भादवि व 7/8 पोक्सो एक्ट |
| 27 | बरेली | बहेडी | 627/19 | 3/25 आयुध अधि0 |
| 28 | बरेली | बहेडी | 628/19 | 3/25 आयुध अधि0 |
| 29 | बरेली | भोजीपुरा | 0003/19 | 307,452 भादवि |
| 30 | बरेली | शेरगढ | 24/20 | 380,411 भादवि |
| 31 | बरेली | देवरनिया | 337/20 | 4,25 आयुध अधि0 |
| 32 | बरेली | बहेड़ी | 538/23 | 3/5/25 आयुध अधि0 |
| 33 | बरेली | बहेड़ी | 633/25 | 109 बीएनएस व 3/25/27 आयुध अधि0 |
| 34 | बरेली | शेरगढ़ | 162/26 | 103(1)/3(5) बीएनएस |
| 35 | बरेली | शेरगढ़ | 164/26 | 109(1) बीएनएस व 3/25/27 आयुद्ध अधि0 |

**बरामदगी का विवरणः-**

1. 01 अवैध तमंचा .12 बोर
2. 02 जिन्दा कारतूस (.12 बोर)
3. 02 खोखा कारतूस (.12 बोर)
4. 01 मोटरसाइकिल

**पुलिस टीमः-**

5. प्रभारी निरीक्षक श्री राजेश कुमार थाना शेरगढ़, बरेली।
6. व0उ0नि0 श्री आदित्य गौरव श्रीवास्तव थाना शेरगढ़, बरेली।
7. उ0नि0 नरेन्द्र शर्मा थाना शेरगढ़, बरेली।
8. उ0नि0 हिमांशु कैन थाना शेरगढ़, बरेली।
9. हे0कां0 1017 अरुण कुमार थाना शेरगढ़, बरेली।
10. हे0कां0 175 अनिल कुमार थाना शेरगढ़, बरेली।
11. का0 3294 अकुंर भाटी थाना शेरगढ़, बरेली।
12. का0 3035 विक्रान्त मलिक थाना शेरगढ़, बरेली।